प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

'' मुख्य समाचार''

- राज्य सरकार ने हमीरपुर स्थित डॉक्टर राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अत्याधुनिक कैंसर केयर सैंटर स्थापित करने का लिया निर्णय।
- मंत्रिमंडल की बैठक में पंचायत चुनावों को उच्च न्यायालय के आदेशों के मुताबिक 30 अप्रैल से पहले करवाने पर बनी सहमति।
- भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय– कल होगी औपचारिक घोषणा।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेश में टी.बी. मामलों में बढ़ौतरी पर जताई चिंता।
- मुख्यमंत्री ने सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीज़ों को गुणवत्तायुक्त दवाईयां उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश।

कैबिनेट बैठक

राज्य सरकार ने हमीरपुर स्थित डॉक्टर राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अत्याधुनिक कैंसर केयर सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में इस कैंसर केयर सेंटर में 11 नए विभागों की स्थापना सहित विभिन्न श्रेणियों के आवश्यक पदों को सृजित कर भरने को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में सामाजिक सुरक्षा नियम, 2010 में संशोधन करने का निर्णय लिया गया, ताकि लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का समयबद्ध वितरण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा राज्य में उपलब्ध जियो थर्मल ऊर्जा संसाधनों की खोज व इनके दोहन को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय भू–तापीय ऊर्जा नीति को अपनाने की स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल ने अनाथ व विधवाओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रदेश में पेट्रोल और हाई–स्पीड डीजल के प्वाइंट ऑफ फर्स्ट सेल पर 'ओरफन एण्ड विडो सेस' लगाने के लिए अध्यादेश लाने की स्वीकृति दी। यह सेस उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डाले बिना इन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन सुनिश्चित करेगा। मंत्रिमंडल ने सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर नीति में संशोधन को भी मंजूरी प्रदान की। उद्योग व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में शिमला–दिल्ली–धर्मशाला के बीच हवाई सेवाएं बहाल करने को स्वीकृति दी गई।

*नेशनल कैपिटल से स्टेट कैपिटल को जोड़ना बहुत जरूरी है क्योंकि हमारा भी एयरपोर्ट छोटा है छोटा प्लेन उतरता है। और ये रूट वाइबली इकोनॉमिकली बाइबल नहीं है। इसलिए एयरलाइंस इन रूट्स पे फ्लाइट पर अप्लाई करने को कतराती करती है। आज कैबिनेट में अनुमति प्रदान की है की फ्लाइट दिल्ली से शिमला आए शिमला से धर्मशाला जाए धर्मशाला से शिमला वापस आए और दिल्ली वापिस जाए। दो हमारी ये स्पेशली शिमला एंड धर्मशाला की कनेक्टिविटी के लिए कहा है।*

हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि बैठक में प्रदेश में पंचायत चुनावों को उच्च न्यायालय के आदेशों के मुताबिक 30 अप्रैल से पहले करवाने पर सहमति बनी है। अब सरकार हाईकोर्ट के आदेशों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट नहीं जाएगी।

*पंचायत चुनाव जो है अप्रैल की जो डेडलाइन है उससे पहले हो जाएंगे और मुख्यमंत्री जी ने जो आर डी मिनिस्टर है उनको भी कहा है कि जो भी औपचारिकताएं हैं या चुनाव को संबंधित है वह डिपार्टमेंट में पूरी करें,तो पंचायत में चुनाव 39 अप्रैल से पहले पहले हो जाएंगे। एज पर द डायरेक्शन ऑफ द हाई कोर्ट।*

भाजपा अध्यक्ष चुनाव

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन पार्टी के नए अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रतिवेदक डॉ. के. लक्ष्मण ने घोषणा की कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल नितिन नबीन का नाम प्रस्तावित किया गया है। हालांकि, उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने की औपचारिक घोषणा कल की जाएगी। डॉ. लक्ष्मण ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नबीन के पक्ष में नामांकन पत्रों के सभी 37 सेट प्राप्त हुए। जांच करने पर पाया गया कि सभी नामांकन पत्र निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरे गए थे और वैध थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और भाजपा के संसदीय दल बोर्ड के अन्य सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नबीन के नाम का प्रस्ताव रखा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि पूर्णतः विचारधारा आधारित व लोकतांत्रिक संगठन है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत आयोजित नामांकन कार्यक्रम में हिमाचल भाजपा की टीम ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करवाकर पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को एक बार फिर विश्व के सामने प्रमाणित किया। इस बीच जयराम ठाकुर ने नई दिल्ली में केंद्रीय शहरी विकास व आवासन मंत्री मनोहर लाल खट्टर से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने हिमाचल प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर केंद्रीय मंत्री के साथ चर्चा की। उन्होंने प्रदेश की प्रगति के लिए केंद्र से सहयोग का आग्रह किया।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल प्रदेश को 2024 तक टी.बी. मुक्त राज्य बनाने के लक्ष्य के बावजूद टी.बी. के मामलों में बढ़ौतरी पर चिंता जताई है। शिमला ज़िला के रामपुर में आज एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि टी.बी. रोगियों की संख्या बढ़ने से स्पष्ट होता है कि हमने अपनी ज़िम्मेदारियों को सही तरीके से नहीं निभाया है। राज्यपाल ने सामाजिक संगठनों, संस्थानों और व्यक्तियों से निक्षय मित्र के रूप में आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही हिमाचल को 2026 तक टी.बी. मुक्त राज्य बनाया जा सकेगा। इस दौरान उन्होंने आनी व निरमंड ब्लॉक के टी.बी. मरीज़ों को न्यूट्रीशन किट भी बांटे। इससे पहले राज्यपाल ने नोगली में एक निजी संस्थान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य को आकार देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल को सुरक्षित रखने के लिए नशे की समस्या को जड़ से खत्म करने की आवश्यकता भी बताई।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य विभाग को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को गुणवत्तायुक्त दवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आज शिमला में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही लगभग एक सौ करोड़ रुपये की दवाओं की खरीद के लिए टेंडर जारी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दवाएं सीधे दवा निर्माता कंपनियों से खरीदी जाएंगी, जिससे सरकारी अस्पतालों में मरीजों को विश्वस्तरीय दवाइयां मिल सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के दृष्टिगत अनेक कदम उठाए हैं।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार, ने कहा है कि बूथ सशक्तिकरण भाजपा संगठन का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसके माध्यम से पार्टी बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से संवाद करती है और संगठन कार्यक्रमो को आगे बढ़ाती है। ठियोग–कुमारसैन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केन्द्र नहोल–टयाली के पांच बूथों की संयुक्त बैठक में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सिकंदर कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपना बूथ सबसे मजबूत के ध्येय के साथ निरंतर काम करती है।

" मुख्य समाचार एक बार फिर"

- राज्य सरकार ने हमीरपुर स्थित डॉक्टर राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अत्याधुनिक कैंसर केयर सैंटर स्थापित करने का लिया निर्णय।
- मंत्रिमंडल की बैठक में पंचायत चुनावों को उच्च न्यायालय के आदेशों के मुताबिक 30 अप्रैल से पहले करवाने पर बनी सहमति।
- भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय– कल होगी औपचारिक घोषणा।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेश में टी.बी. मामलों में बढ़ौतरी पर जताई चिंता।
- मुख्यमंत्री ने सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीज़ों को गुणवत्तायुक्त दवाईयां उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश।